संख्या-197/2026/I/1372708/2026/23-11099(099)/248/2024

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक: 23-06-2026**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2026-27 में शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर निर्माण के चालू कार्यो की व्यवस्था योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-22025/CE-HQ1/BYPASS/ALI/2026-27, दिनांक 25-05-2026, पत्र संख्या-22193/CE-HQ1/BYPASS/LKO/2026-27, दिनांक 27-05-2026, पत्र संख्या-22530/CE-HQ1/BYPASS/AZM/2026-27, दिनांक 09-06-2026, पत्र संख्या-22535/CE-HQ1/BYPASS/GON/2026-27, दिनांक 09-06-2026 एवं पत्र संख्या-22767/CE-HQ1/BYPASS/LKO/2026-27, दिनांक 17-06-2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर निर्माण के चालू कार्यो की व्यवस्था योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 05 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल रू0 2356.94 लाख (रूपये तेईस करोड़ छप्पन लाख चौरानबे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	**स्वीकृत/प्रावैधिक लागत/ बचत/ बचत की उपरान्त लागत**	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	अलीगढ़ सेतु निगम	जनपद अलीगढ़ में कानपुर गाजियाबाद मार्ग (जी0टी0 रोड) पर स्थित एटा चुंगी चौराहा पर (लम्बाई 640.61 मी0) 04 लेन फ्लाई ओवर सेतु क निर्माण कार्य।	5627.74 5627.74 Nil 5627.74	3939.41	1406.94
2	उन्नाव प्रा0ख0	जनपद उन्नाव में बक्सर (माँ चन्द्रिका देवी मंदिर) पर बाईपास निर्माण कार्य (लम्बाई 0.500 कि0मी0)।	325.75 324.07 0.20 323.87	109.87	190.00
3	बलिया प्रा0ख0	जनपद बलिया में लखनऊ-बलिया मार्ग के नरायनपुर पर सिया मोड़ से सिंगही होते हुए रामनगर (लखनऊ बलिया राजधानी राष्ट्रीय राज मार्ग) तक (लम्बाई 11.700 कि0मी0) तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	7230.87 7230.87 2.89 7227.98	4695.38	400.00
4	बहराइच नि0ख0-1	जनपद बहराईच में लखनऊ-बहराईच मार्ग (एन0एच0-927) से बहराईच-गोण्डा मार्ग (एस0 एच0-30) बहराईच बाईपास का नव निर्माण कार्य (लम्बाई 11.777 कि0मी0) के साथ मार्ग में पड़ने वाले सरजू नदी पर दो लेन सेतु का निर्माण	22484.59 22484.59 1536.59 20948.00	10078.60	300.00

naresh.up.nic.in

		(लम्बाई 120.68 मी0) व दो लेन उपरिगामी सेतु का निर्माण (लम्बाई 850.168 मी0) का कार्य।			
5	सीतापुर नि0ख0	जनपद सीतापुर में कल्ली नैमिषारण्य-पनाहगार मार्ग से बिलराया मार्ग से नैमिषारण्य मार्ग तक बाईपास का निर्माण (अ0जि0मा0) (लम्बाई 1.200 कि0मी0) का कार्य।	677.14 677.14 114.00 563.14	410.07	60.00
		योग:-			2356.94

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) उपरोक्त तालिका के क्रमांक-2 में अंकित कार्यो हेतु धनराशि इस शर्त के अधीन अवमुक्त की जा रही है कि प्रश्नगत कार्यो हेतु अगली/अनुवर्ती किश्त की धनराशि की मांग इन कार्यो के मूल प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक आदेशो मे उल्लिखित वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 17-05-2023 में निहित व्यवस्था सम्बन्धी शर्त का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ही किया जाय।

(3) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(4) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की समस्त शर्तो एवं प्रतिबन्ध का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28-03-2026 में निर्धारित प्रक्रिया एवं निहित शर्तो का अक्षरश: अनुपालपन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 23,56,94,000 (रूपये तेईस करोड़ छप्पन लाख चौरानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054033378600 शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के चालू कार्यो की व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक 28-03-2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
11- सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
12- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
13- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
14- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
15- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
16- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
17- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
18- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in